

DR. RUDRAPATNAM NARAYANASWAMY THARANATHAN

Dr. Rudrapatnam Narayanaswamy Tharanathan, the younger of popularly known Rudrapatnam Brothers, belongs to a family of musicians of repute, who have kept up their musical lineage for over three generations with extraordinary zeal. Rudrapatna, a village on the banks of river Kaveri in Hassan district (Karnataka), is known for Vedic, Sanskrit and Music studies, in addition to Agriculture. Dr. Tharanathan is the grandson of Sri R. K. Krishna Sastry, who was a versatile Harikatha exponent, playwright and a scholar in Kannada and Sanskrit; and the son of Smt. Savitramma and Vidwan R. K. Narayanaswamy, one of the senior disciples of Sangita Kalanidhi Musiri Subramanya Iyer. Vidwan Tharanathan was initiated into Carnatic music by his father, and later he came under the tutelage of his uncle Sri R. K. Venkatarama Sastry, a famous violinist and a disciple of Sangita Kalanidhi Mysore T. Chowdaiah. The vidwans of Rudrapatnam family all belong to saint Tyagaraja shishya parampara.

2. Born on November 6, 1946, Dr. Tharanathan along with his brother Mr. Thyagarajan, began their concert career in 1956, and so far, they have given innumerable concerts all over India and abroad, to the accompaniment of highly acclaimed artists. They are one of the senior most Top-ranking duos of AIR / Doordarshan, and have been regularly featured in their National Programme /Sangeeth Sammelan concerts. Their music, deeply influenced by the great music maestros of yesteryears, is chaste and adheres to the pristine traditions of Carnatic Classicism. Clarity in Raga delineation, purity of Sruthi, stability in Gamakas, exquisite Bhava and a perfect rendition of Sahitya are the salient features of their vocal duet concerts. Rudrapatnam Brothers are considered as worthy torch bearers of the Alathur style of singing with a touch of flashes typical of Vidwan Ramanad Krishnan. Their interpretation of Ragas like Manirang, Varali, Begada, Shahana, Mukhari, Phalamanjari, Malavi, Kannada, Sri, Janaranjani, etc. bear testimony to their musical greatness and excellence with a standing of over 60 years.

3. Dr. Tharanathan has an excellent academic track record with M.Sc., Ph.D. in Organic Chemistry. Having served as a Lecturer in Chemistry, he joined Central Food Technological Research Institute (CFTRI), Mysore, as a Senior Scientist and later in 2006 retired as Additional Director. He had been to Germany several times on Max Planck Society and Alexandar von Humboldt Fellowships as a Post-Doctoral Fellow, Visiting Scientist and Visiting Professor. He has published over 170 Research Papers / Review Articles in Peer — Reviewed International Journals, guided over 35 students for Ph.D. / M.Phil.degrees of various Universities, and he is one among 6 distinguished Indian Scientists, who published the greatest number of highly cited Research Papers, successively during 2012/16, as featured by Thomson Reuters, Web of Science, USA, 2014 / 2016.

4. Together the brothers have been the recipients of numerous Prestigious Awards namely, Karnataka State Rajyotsava Award, Ananya Puraskar, Sangita Kala Acharya by Madras Music Acadamy, Awardees of Central Sangeet Natak Akademi, Sangita Kalaratna by Gayana Samaja, Bangalore, several other National Awards and they are the Asthana Vidwans of Kanchi Kamakoti Peetam and Avani Sringeri Shankara Mutt. During 1961-64, individually they won AIR Music Competition Prizes, which were given at New Delhi by Dr. S. Radhakrishnan, the then President of India. They have released a number of Cassettes / CDs of their concerts, published several articles and have given a number of Lec-Dems/Workshops on various aspects of music, and currently they continue to train a number of students for proficiency in Performing Music.



डॉ. रुद्रपट्टणम नारायणस्वामि तारानाथन

प्रसिद्ध रूद्रपट्टनम बंधुओं में अनुज डॉ. रूद्रपट्टणम नारायणस्वामि तारानाथन संगीतकारों के उस ख्यातिप्राप्त परिवार से संबंधित हैं जिन्होंने असाधारण साहस के साथ तीन पीढ़ियों से अधिक समय तक संगीत वंशावली को बनाए रखा है। रूद्रपटना गांव हसन जिला (कर्नाटक) में कावेरी नदी के किनारे पर बसा है, यह गांव कृषि के अतिरिक्त वैदिक, संस्कृत और संगीत अध्ययन के लिए जाना जाता है। आप श्री आर. के. कृष्ण शास्त्री के पौत्र हैं, जो कन्नड़ और संस्कृत भाषा के प्रतिभाशाली हरीकथा-वाचक, नाटककार और विद्वान हैं; श्रीमती सावित्रीमा और विद्वान आर.के. नारायणस्वामी के पुत्र हैं, जो संगीत कलानिधि मुसिरी सुब्रमन्या अयर के वरिष्ठ शिष्यों में से एक हैं। आपके पिता द्वारा आपको कर्णाटक संगीत की दीक्षा दी गई, बाद में आप अपने चाचा श्री आर.के. वेंकटरमण शास्त्री के संरक्षण में आ गए, जो विख्यात वायलिन वादक हैं और संगीत कलानिधि मैसूर टी. चोवदइया के शिष्य हैं। आपका विद्वान रूद्रपटनम परिवार संत त्यागराज शिष्य परम्परा से संबंध रखता है।

2. आपका जन्म 6 नवम्बर, 1946 को हुआ, आपने अपने भाई श्री त्यागराजन के साथ वर्ष 1956 में संगीत पेशा आरंभ किया और अभी तक आप दोनों ने परम अभिनन्दनीय कलाकारों के साथ संगत करके भारत और विदेश में असंख्य संगीत समारोह किए हैं। आप दोनों आकाशवाणी/दूरदर्शन के उच्चतम रैंक के वरिष्ठ संगीतयुगल हैं और आप इनके राष्ट्रीय कार्यक्रमों/संगीत सम्मेलन समारोहों में नियमित रूप से दिखाई देते हैं। आपका संगीत विगत के महान संगीतज्ञों से गहरा प्रभावित है और यह प्रांजल है तथा यह कर्णाटकी शास्त्रीय संगीत की पुरातन परम्राओं का अनुपालन करता है। राग-अलाप की स्पष्टता, श्रुति की शुद्धता, गमकों में स्थिरता, उत्कृष्ट भाव और साहित्य का विशद प्रस्तुतिकरण आपके युगल संगीत समारोह की मुख्य विशेषता है। रूद्रपटनम बंधुओं को गायन की अलतुर शैली के बारे में पथ-प्रदर्शक माना जाता है, जिसमें विद्वाना रामानन्द कृष्णन वाली विशिष्ट दमक होती है। माणिराग, वरली, बेगड़, शाहना, मुखरी, फलमंजरी, मलावी, कन्नड़, श्री, जनरजनी आदि जैसे रागों की आपकी व्याख्या, 60 वर्षों से अधिक आपकी संगीत की महानता को प्रमाणित करती है।

3. आपका, आर्गेनिक रसायन-विज्ञान में एम.एससी और पी.एचडी का उत्कृष्ट शैक्षिक रिकार्ड है। रसायन विज्ञान के प्राध्यापक के रूप में कार्य करने के बाद आपने वरिष्ठ वैज्ञानिक के रूप में केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकीय अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई), मैसूर में कार्यभार संभाला और वर्ष 2006 में अपर निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए। आप पोस्ट-डोक्टोरल फैलो, अतिथि वैज्ञानिक और अतिथि प्रोफेसर के रूप में मैक्स प्लान्क सोसाइटी और अलैक्जेन्डर वान हम्बोल्ट फेलोशिप के लिए कई बार जर्मनी गए। आपने पिअर-समीक्षाकृत अन्तरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 170 से अधिक अनुसंधान/समीक्षात्मक लेख लिखे हैं, विभिन्न विश्वविद्यालयों की पी.एचडी/एम.फिल डिग्रियों के लिए 35 से अधिक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया है। आप उन 6 विख्यात भारतीय वैज्ञानिकों में से एक हैं जिन्होंने वर्ष 2012/16 के दौरान एक के बाद एक अधिकतम रूप से उद्धृत किए जाने वाले बहुत से अनुसंधानात्मक लेख प्रकाशित किए हैं जिन्हें 2014/2016 में थोमसन, रिऊटर्स, वेब ऑफ सांइस, यूएसए में प्रदर्शित किया गया है।

4. दोनों भाइयों को मिलकर बहुत से प्रतिष्ठित अवार्ड प्राप्त हुए हैं जैसे कर्णाटक राज्योत्सव अवार्ड, अनन्य पुरस्कार, मद्रास संगीत अकादमी द्वारा संगीत कला आचार्य, केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी का अवार्ड, ज्ञान समाज बंगलौर द्वारा संगीत कलारत्न, विभिन्न अन्य राष्ट्रीय अवार्ड और आप लोग कांची कामकोट्टी पीठम और अवनी श्रींगेरी शंकर मट्ट के अस्थान विद्वान हैं। वर्ष 1961-64 के दौरान आप दोनों ने व्यक्तिगत रूप से आकाशवाणी संगीत प्रतियोगिता पुरस्कार जीते हैं जो भारत के तत्कालीन राष्टपति डॉ. एस. राधाकृष्णन द्वारा नई दिल्ली में प्रदान किए गए थे। आप दोनों ने अपने संगीत-समारोहों की बहुत सी कैसेट/सीडी निकाली हैं, विभिन्न लेख प्रकाशित किए हैं और संगीत के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिए हैं/प्रदर्शनियों/कार्यशालाओं में भाग लिया है और वर्तमान में आप संगीत प्रस्तुतिकरण में दक्षता हेतु बहुत से विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं।



SHRI RUDRAPATNAM NARAYANASWAMY THYAGARAJAN

Shri Rudrapatnam Narayanaswamy Thyagarajan, the elder of popularly known Rudrapatnam Brothers, belongs to a family of musicians of repute, who have kept up their musical lineage for over three generations with extraordinary zeal. Rudrapatna, a village on the banks of river Kaveri in Hassan district (Karnataka), is known for Vedic, Sanskrit and Music studies, in addition to Agriculture. Shri Thyagarajan is the grandson of Shri R. K. Krishna Sastry, who was a versatile Harikatha exponent, playwright and a scholar in Kannada and Sanskrit; and the son of Smt. Savitramma and Vidwan R. K. Narayanaswamy, one of the senior disciples of Sangita KalanidhiMusiri Subramanya Iyer. Vidwan Thyagarajan was initiated into Carnatic music by his father, and later he also came under the tutelage of his uncle Sri R. K. Venkatarama Sastry, a famous violinist and a disciple of Sangita Kalanidhi Mysore T. Chowdaiah. The vidwans of Rudrapatnam family all belong to saint Tyagaraja shishya parampara.

2. Born on July 15, 1943, Shri Thyagarajan along with his brother Dr. Tharanathan, began their concert career in 1956, and so far, they have given innumerable concerts all over India and abroad, to the accompaniment of highly acclaimed artists. They are one of the senior most Top-ranking duos of AIR / Doordarshan, and have been regularly featured in their National Programme / Sangeeth Sammelan concerts. Their music, deeply influenced by the great music maestros of yesteryears, is chaste and adheres to the pristine traditions of Carnatic Classicism. Clarity in Raga delineation, purity of Sruthi, stability in Gamakas, exquisite Bhava and a perfect rendition of Sahitya are the salient features of their vocal duet concerts. Rudrapatnam Brothers are considered as worthy torch bearers of the Alathur style of singing with a touch of flashes typical of VidwanRamanad Krishnan. Their interpretation of Ragas like Manirang, Varali, Begada, Shahana, Mukhari, Phalamanjari, Malavi, Kannada, Sri, Janaraniani, etc. bear testimony to their musical greatness and excellence with a standing of over 60 years.

3. Shri Thyagarajan, with an M.Sc. in Mathematics served as a Lecturer before joining AIR, Mysore. Having qualified in the UPSC exams, he assumed office as Programme Executive (Music) in Mysore and later in other stations of AIR in Karnataka. Subsequently he got transferred to Doordarshan Kendra, Chennai, as Deputy Director of Programmes and later he retired in 2003 from Bangalore Doordarshan Kendra. He has to his credit a number of Musical Features produced during his tenure in AIR / Doordarshan which bagged Awards of distinction. Currently he is serving as Guest Faculty to teach Music for Post-Graduation in Jain University, Bangalore. He served as an External Examiner for conducting Music Examination at Singapore Indian Fine Arts Society, Singapore, during 1986-88.

4. Together the brothers have been the recipients of numerous Prestigious Awards namely, Karnataka State Rajyotsava Award, Ananya Puraskar, Sangita Kala Acharya by Madras Music Acadamy, Awardees of Central Sangeet Natak Akademi, Sangita Kalaratna by Gayana Samaja, Bangalore, several other National Awards and they are the Asthana Vidwans of Kanchi Kamakoti Peetam and Avani Sringeri Shankara Mutt.During 1961-64, individually they won AIR Music Competition Prizes, which were given at New Delhi by Dr. S. Radhakrishnan, the then President of India. They have released a number of Cassettes / CDs of their concerts, published several articles and have given a number of Lec-Dems / Workshops on various aspects of music, and currently they continue to train a number of students for Proficiency in Performing Music.



श्री रुद्रपट्टणम नारायणस्वामि त्यागराजन

प्रसिद्ध रूद्रपट्टनम बंधुओं में ज्येष्ठ श्री रूद्रपट्टणम नारायणस्वामि त्यागराजन संगीतकारों के उस ख्यातिप्राप्त परिवार से संबंधित हैं जिन्होंने असाधारण साहस के साथ तीन पीढ़ियों से अधिक समय तक संगीत वंशावली को बनाए रखा है। रूद्रपटना गांव हसन जिला (कर्णाटक) में कावेरी नदी के किनारे पर बसा है, यह गांव कृषि के अतिरिक्त वैदिक, संस्कृत और संगीत अध्ययन के लिए जाना जाता है। आप श्री आर. के. कृष्ण शास्त्री के पौत्र हैं, जो कन्नड़ और संस्कृत भाषा के प्रतिभाशाली हरीकथा-वाचक, नाटककार और विद्वान हैं; श्रीमती सावित्रीमा और विद्वान आर.के. नारायणस्वामी के पुत्र हैं, जो संगीत कलानिधि मुसिरी सुब्रमन्या अयर के वरिष्ठ शिष्यों में से एक हैं। आपके पिता द्वारा आपको कर्णाटक संगीत की दीक्षा दी गई, बाद में आप अपने चाचा श्री आर.के. वेंकटरमण शास्त्री के संरक्षण में आ गए, जो विख्यात वायलिन वादक हैं और संगीत कलानिधि मैसूर टी. चोवदइया के शिष्य हैं। आपका विद्वान रूद्रपटनम परिवार संत त्यागराज शिष्य परम्परा से संबंध रखता है।

2. आपका जन्म 15 जुलाई, 1943 को हुआ, आपने अपने भाई डॉ. तरनातन के साथ वर्ष 1956 में संगीत पेशा आरंभ किया और अभी तक आप दोनों ने परम अभिनन्दनीय कलाकारों के साथ संगत करके भारत और विदेश में असंख्य संगीत समारोह किए हैं। आप दोनों आकाशवाणी/दूरदर्शन के उच्चतम रैंक के वरिष्ठ संगीतयुगल हैं और आप इनके राष्ट्रीय कार्यक्रमों/संगीत सम्मेलन समारोहों में नियमित रूप से दिखाई देते हैं। आपका संगीत विगत के महान संगीतज्ञों से गहरा प्रभावित है और यह प्रांजल है तथा यह कर्णाटकी शास्त्रीय संगीत की पुरातन परम्राओं का अनुपालन करता है। राग-अलाप की स्पष्टता, श्रुति की शुद्धता, गमकों में स्थिरता, उत्कृष्ट भाव और साहित्य का विशद प्रस्तुतिकरण आपके युगल संगीत समारोह की मुख्य विशेषता है। रूद्रपटनम बंधुओं को गायन की अलतुर शैली के बारे में पथ-प्रदर्शक माना जाता है, जिसमें विद्वाना रामानन्द कृष्णन वाली विशिष्ट दमक होती है। माणिराग, वरली, बेगड़, शाहना, मुखरी, फलमंजरी, मलावी, कन्नड़, श्री, जनरजनी आदि जैसे रागों की आपकी व्याख्या, 60 वर्षों से अधिक आपकी संगीत की महानता को प्रमाणित करती है।

3. आपने गणित में एम.एससी की और आकाशवाणी, मैसूर में कार्य करने से पहले लेक्चरर के रूप में कार्य किया। संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आपने कार्यक्रम निष्पादक (संगीत) के रूप में मैसूर में कार्यभार संभाला और बाद में आकाशवाणी कर्णाटक के विभिन्न केन्द्रों पर रहे। इसके बाद आपका स्थानांतरण उप निदेशक, कार्यक्रम के रूप में दूरदर्शन केन्द्र चेन्नई में हो गया और वर्ष 2003 में आप बंगलौर दूरदर्शन केन्द्र से सेवानिवृत्त हुए। आकाशवाणी/दूरदर्शन में आपके कार्यकाल के दौरान आपके बहुत से संगीत कार्यक्रम हुए हैं जिन्होंने विशिष्ट अवार्ड जीते हैं। वर्तमान में आप जैन विश्वविद्यालय, बंगलौर में स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को संगीत की शिक्षा देने के लिए संगीत प्राध्यापक के रूप में कार्य कर रहे हैं। वर्ष 1986-88 के दौरान आप सिंगापुर भारतीय ललित कला सोसाइटी, सिंगापुर में संगीत की परीक्षा आयोजित करने के लिए बाहरी परीक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं।

4. दोनों भाइयों को मिलकर बहुत से प्रतिष्ठित अवार्ड प्राप्त हुए हैं जैसे कर्णाटक राज्योत्सव अवार्ड, अनन्य पुरस्कार, मद्रास संगीत अकादमी द्वारा संगीत कला आचार्य, केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी का अवार्ड, ज्ञान समाज बंगलौर द्वारा संगीत कलारत्न, विभिन्न अन्य राष्ट्रीय अवार्ड और आप लोग कांची कामकोट्टी पीठम और अवनी श्रींगेरी शंकर मट्ट के अस्थान विद्वान हैं। वर्ष 1961-64 के दौरान आप दोनों ने व्यक्तिगत रूप आकाशवाणी संगीत प्रतियोगिता पुरस्कार जीते हैं जो भारत के तत्कालीन राष्टपति डॉ. एस. राधाकृष्णन द्वारा नई दिल्ली में प्रदान किए गए थे। आप दोनों ने अपने संगीत-समारोहों की बहुत सी कैसेट/सीडी निकाली हैं, विभिन्न लेख प्रकाशित किए हैं और संगीत के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिए हैं/प्रदर्शनियों/कार्यशालाओं में भाग लिया है और वर्तमान में आप संगीत प्रस्तुतिकरण में दक्षता हेतु बहुत से विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं।